Title: Need to check the soil erosion caused by Saryu river in Sant Kabir Nagar district of Uttar Pradesh.

श्री लालमणि प्रसाद (बस्ती) : मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इन बिन्दुओं की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। जनपद संत कबीर नगर में, जो मेरे बस्ती संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत है, एक मैंदी घाट है। उस मैंदी घाट के पास महाबांध सरजू नदी (घाघरा) नदी के कटान से केवल सौ मीटर दूर है। यदि वह महाबांध कट जाएगा तो पूरा बस्ती मंडल उससे प्रभावित होगा और तमाम जन-धन की हानि होगी। वहां 4-5 दिनों से लगातार कटान हो रहा है। मैं इस मामले को तीन दिन से उठाना चाहता था। वहां के प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी तक कटान को रोकने की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वहां कटान को तत्काल रोका जाए जिससे जो जन-धन की हानि होने की संभावना है, उस पर रोक लग सके और जो अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो।